राजस्थान सरकार

निदेशालय, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, राजस्थान, जयपुर ।

कमांक/नर्सिंग/पदौ/अवार्ड(12 मई)/एफ–61/20/36 दिनांक 20-5-20

::– परिपत्र –::

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधीन नर्सिंग संवर्ग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले श्रेष्ठतम नर्स को नर्सेज दिवस 12 मई 2020 पर राज्य स्तर पर सम्मानित करने के संबंध में श्रेष्ठतम नर्सिंग कर्मी नर्स, एएनएम एवं एलएचवी वर्ग में चयन हेतु निदेशालय स्तर पर निम्न प्रकार चयन समिति का गठन किया जाता है:–

1	अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन), निदेशालय	अध्यक्ष
2	संयुक्त निदेशक (प्रशासन), निदेशालय	सदस्य
3	रजिस्ट्रार, राजस्थान नर्सिंग कौंसिल, जयपुर	सदस्य
4	संयुक्त निदेशक (चिकि0प्रशा0), निदेशालय	सदस्य
5	उप निदेशक (नर्सिंग), निदेशालय	सदस्य सचिव

जिला स्तर पर उत्कृष्ठ कार्य करने वाले नर्सिंग कर्मी के चयन हेतु जिला स्तर पर निम्न प्रकार से चयन समिति का गठन किया जाता है:–

1	अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति	अध्यक्ष
2	मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी	सदस्य
3	प्रमुख चिकित्सा अधिकारी	सदस्य
4	नर्सिंग अधीक्षक प्रथम/द्वितीय	सदस्य सचिव

सभी प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक, मेडिकल कालेज अपने स्तर पर उनके अधीन संचालित चिकित्सालयों में कार्यरत श्रेष्ठतम नर्स का चयन कर कालेज स्तर पर सम्मानित करेंगे ।

जिला स्तर एवं मेडिकल कालेज स्तर पर गठित चयन समिति द्वारा श्रेष्ठतम तीन नर्सिंग कर्मियों का पैनल तैयार किया जावेगा, पैनल में नम्बर एक पर उल्लेखित श्रेष्ठतम नर्सिंग कर्मी का नाम राज्य स्तर पर गठित चयन समिति को अपनी अभिशंषा सहित नामांकित करेंगे । जिला स्तर/मेडिकल कालेज स्तर पर पैनल तैयार किये जाने का कार्य दिनांक 30.04.2020 तक पूर्ण किया जावेगा तथा दिनांक 05.05.2020 तक व्यक्ति विशेष के साथ वांछित प्रस्ताव निम्नानुसार भिजवाना सुनिश्चित करेंगे । निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।

1	कर्मचारी का नाम	
2	पिता /पति का नाम	
3	जन्म तिथि	
4	वर्तमान पद	
5	राज्य सेवा में प्रथम नियुक्ति तिथि एवं पद	
6	वर्तमान पदस्थापन स्थान	
7	मोबाईल नम्बर	
8	स्थाई/अस्थाई	
9	पिछले सात वर्षो की ए0सी0आर0 की स्थिति	
10	यदि कर्मचारी को कभी जिला स्तर या राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया है तो पूर्ण विवरण मय प्रमाण पत्र के संलग्न करें ।	
11	कार्य मूल्यांकन के संबंध में विभाग द्वारा चलाये गये विभिन्न कार्यक्रम जैसे–पल्स पोलियो, बीसीजी, डीपीटी, मीजल्स, विटामिन ए सोल्यूसन, नसबंदी, कापर–टी, ओपीयूजर, निरोध यूजर, टीकाकरण, डोट्स, लेप्रोसी प्रोग्राम, मलेरिया कन्ट्रोल, एमसीएच प्रोग्राम, चाईल्ड हैल्थ में उक्त कर्मचारी का क्या योगदान रहा , प्रमाण पत्र सहित स्पष्ट विवरण अंकित करें ।	
12	कर्मचारी के विरुद्ध विभागीय जांच प्रस्तावित/लम्बित है या नहीं ।	
13	नर्सिंग पद पर कार्य अनुभव की अवधि	
		हस्ताक्षर अधिकारी

(मुकुल शर्मा)
अतिरिक्त निदेशक(प्रशासन)
चिकित्सा एवं स्वस्थ्य सेवायें,
राजस्थान, जयपुर

कमांक / नर्सिग / पदौ / अवार्ड(12 मई) / एफ–61 / 20 / 36 दिनांक– 20-4-20

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. निजी सचिव, मा0 मंत्री, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, राजस्थान, जयपुर ।
2. निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, राजस्थान, जयपुर ।
3. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, राजस्थान, जयपुर ।
4. संयुक्त शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य(ग्रुप–3) विभाग, राजस्थान, जयपुर ।
5. निदेशक, ई0एस0आई0 / आर0आर0सेन्टर / मोबाईल सर्जिकल यूनिट जयपुर को भेजकर लेख है कि आपके स्तर पर एक श्रेष्ठतम नर्स का चयन कर राज्य स्तर पर गठित चयन समिति को दिनांक 05.05.2020 तक व्यक्ति विशेष के साथ भिजवाना सुनिश्चित करें ।
6. समस्त प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक, सबंधित मेडिकल कालेज ।
7. समस्त अधीक्षक, संलग्न चिकित्सालय समूह ।
8. वित्तीय सलाहकार, मुख्यालय ।
9. संयुक्त निदेशक(प्रशिक्षण), मुख्यालय ।
10. संयुक्त निदेशक (चिकि0प्रशा0), मुख्यालय।
11. उप निदेशक (नर्सिग), मुख्यालय।
12. समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी / प्रमुख चिकित्सा अधिकारी ।
13. रजिस्ट्रार, राजस्थान नर्सिग कौंसिल, सरदार पटेल मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर को भेजकर लेख है कि आप 12 मई, 2020 नर्सेज दिवस को मनाने एवं श्रेष्ठतम नर्सिग कर्मी को अवार्ड एवं प्रशस्ति पत्र दिये जाने के संबंध में अपने स्तर पर व्यवस्था करें ।
14. निजी सहायक, अतिरिक्त निदेशक(प्रशासन) मुख्यालय ।
15. प्रभारी सर्वररूम, मुख्यालय को भेजकर लेख है कि उक्त को विभाग की बेवसाईट पर इम्पोर्टेन्ट लेटर कॉलम में प्रकाशित करें ।
16. रक्षित पत्रावली ।

(मुकुल शर्मा)
अतिरिक्त निदेशक(प्रशासन)
चिकित्सा एवं स्वस्थ्य सेवायें,
राजस्थान, जयपुर